लोक सभा अध्यक्ष ने संसद के अध्यक्षों के पांचवें विश्व सम्मेलन के उदघाटन समारोह में भाग लिया

नई दिल्ली, 19 अगस्त,2020 : सयुंक्त राष्ट्र (यू एन) के सहयोग से अंतर संसदीय संघ (आई पी यू), जेनेवा और आस्ट्रिया की संसद द्वारा 19 और 20 अगस्त, 2020 को संयुक्त रूप से संसद के अध्यक्षों के पांचवें विश्व सम्मेलन (5 डब्लू सी एस पी) का आयोजन किया जा रहा है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रकोप के कारण सम्मेलन का आयोजन वर्चुअल तरीके से किया जाएगा।

यह पहला अवसर है जब इतने बड़े स्तर पर एक अंतर्राष्ट्रीय संसदीय सम्मेलन का आयोजन वर्चुअल तरीके से किया जा रहा है। अगले वर्ष वियना, आस्ट्रिया में होने वाले सम्मेलन के दूसरे भाग के आयोजन में इसके सदस्य व्यक्तिगत रूप से भाग लेंगे।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने वर्चुअल रूप से इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में आज भाग लिया। श्री राजीव प्रताप रुड़ी और श्रीमती मीनाक्षी लेखी, संसद सदस्य, लोक सभा और श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, महासचिव, लोक सभा ने भी इस सम्मेलन में भाग लिया।

संसद के अध्यक्षों के पांचवें विश्व सम्मेलन का विषय "पृथ्वी और उसके निवासियों के लिए शांति और सतत विकास सुनिश्चित करने वाला और अधिक प्रभावी बहुपक्षीय संसदीय नेतृत्व" है।

इस सम्मेलन के लिए आई पी यू ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वेबसाइट पर माननीय लोक सभा अध्यक्ष का एक प्रेरणादायी संदेश प्रसारित किया था।

लोक सभा अध्यक्ष कल "संसद और लोगों के बीच दूरियों को कम करके शासन में सुधार किया जाना" विषय पर पैनल चर्चा के दौरान अपने विचार व्यक्त करेंगे। वर्चुअल सम्मेलन के बाद कोविड-19 वैश्विक महामारी के बीच विश्व की सभी संसदों की एकता का उल्लेख करते हुए उपरोक्त विषय पर एक परिणामी दस्तावेज़ को स्वीकार किया जाएगा।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के मौजूदा संकट के दौरान, संसद के अध्यक्षों के पांचवें विश्व सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है और विश्व पर इसके घातक प्रभाव के परिणामस्वरूप एक बेहतर विश्व का फिर से निर्माण करने के लिए बहुपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।